# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

## वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 30.08.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर", दैनिक जागरण, अमर उजाला, आज, राष्ट्रीय सहारा, जनसंदेश टाइम्स, हिन्दुस्तान, तरुणमित्र न्यूज़, परफेक्ट मिशन, न्यायाधीश,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

### दैनिक जागरण –दि0 30.08.2024

# एचएफएल में नक्शा पास करने के लिए वीडीए तलाश रहा विकल्प

जागरण संवाददाता, वाराणसी : विकास प्राधिकरण के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में प्राधिकरण सेवा सप्ताह के अंतर्गत गुरुवार को नगवां स्थित संत रविदास पार्क में कैंप लगाया गया। कैंप में तीन शमन मानचित्र स्वीकृत किए गए। एक लाभार्थी को संपत्ति पर कब्जा पत्र, दो को नामांतरण पत्र, 37 नोटिस की सुनवाई करने के साथ चार शमन मानचित्र दाखिल और नौ शमन मानचित्र के ड्राइंग में सुधार किया गया। कैंप में आए लोगों को वीडीए की योजनाओं के बारे में जानकारी देने के साथ अधिक से अधिक लाभ लेने की प्रक्रिया के बारे में बताया गया। इस दौरान परिसर में पौधारोपण किया गया।



कैंप में योजनाओं की जानकारी देते और निरीक्षण करते वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग व सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा • जागरण

- कैंप में तीन मानचित्र स्वीकृत, 37 नोटिस की सुनवाई में चार शमन मानचित्र दाखिल
- बेरोजगारों को रोजगार के लिए विकास प्राधिकरण दे रहा दुकान
- गंगा किनारे भवनों की मरम्मत अनुमति में होती है परेशानी : सौरभ श्रीवास्तव

कैंप का शुभारंभ करते हुए विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि नगवां और भेलूपुर वार्ड का आधा हिस्सा गंगा से किनारे और एचएफएल क्षेत्र में है जिससे भवनों का निर्माण करने में काफी परेशानी होती है। गंगा किनारे मरम्मत के लिए वीडीए से अनुमति लेने में परेशानी होती है। सुविधा के लिए आवेदन प्रक्रिया आनलाइन जरूर की गई है लेकिन इस हिसाब से रहवासियों को लाभ नहीं मिल पा रहा है। एचएफएल प्रभावित क्षेत्र में निर्माण को लेकर वीडीए कोई विकल्प बनाए। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने कहा कि दोनों वार्ड में एचएफएल क्षेत्र होने से निर्माण करने में परेशानी जरूर है लेकिन जल्द ही वीडीए विकल्प तलाशने के साथ नक्शा पास करेगा। अवैध निर्माण करने की बजाय वीडीए से नक्शा पास जरूर कराएं। कोई दिक्कत है तो कार्यालय में मुझसे संपर्क करें। वीडीए सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा ने कहा कि आमजन को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाना वीडीए का उद्देश्य है। वीडीए ने रहने के लिए छत और रोजगार के लिए दुकान दी है। फिलहाल दशाश्वमेध प्लाजा में दुकान दी गई है। कैंप में अंबरीश सिंह भोला, साधना वेदांती, प्रदीप अग्रहरि, अधिशासी अभियंता अरविंद शर्मा, संपत्ति प्रभारी आरके जायसवाल, प्रमोद तिवारी, आरके सिंह, फराज खां आदि मौजूद थे।

### दैनिक जागरण –दि0 30.08.2024

# सड़क पर नहीं बेसमेंट में खड़े होंगे वाहन

जागरण संवाददाता, वाराणसी : शहरवासियों को जाम से राहत पहुंचाने, सड़क पर वाहन पार्किंग न हो इसके लिए बेसमेंट में वाहन पार्किंग सुनिश्चित कराई जाएगी। इसको लेकर वाराणसी विकास प्राधिकरण सख्ती से कार्रवाई करने जा रहा है। सभी जोनल अधिकारियों और अवर अभियंताओं को निर्देश दिया गया है कि वार्डवार पांच वर्ष में वीडीए से स्वीकृत बेसमेंट, भवन स्वामियों की ओर से बनाए गए और सील किए गए बेसमेंट की सूची तैयार कराई जाए।

बेसमेंट में कारोबार मिलने पर भवन स्वामी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के साथ वहां पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाएगी। लापरवाही बरतने वाले जोनल अधिकारी और अवर अभियंता के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के साथ शासन को संस्तुति की जाएगी।

- बेसमेंट में कारोबार करने वालों के खिलाफ वीडीए दर्ज कराएगा केस
- पांच वर्ष में बने मकानों की सूची तैयार करेंगे जोनल अधिकारी

वीडीए सचिव डा. वेदप्रकाश मिश्रा ने बताया कि भवन स्वामी मकान का नक्शा पास कराने के साथ उसमें बेसमेंट भी बनाता है। इसके लिए वे वीडीए में अतिरिक्त शुल्क भी जमा करते हैं। विशेषकर माल, कांप्लेक्स, अपार्टमेंट और कई छोटे भवनों में भी बेसमेंट का नक्शा पास है लेकिन वे वहां वाहनों की पार्किंग नहीं कराकर कारोबार करते हैं।



सड़क पर वाहन खड़े होने से जाम लगता है। जहां बेसमेंट नहीं है वहां तो समस्या है लेकिन जिन्होंने बेसमेंट बनाया है वे ग्राहकों के वाहनों की पार्किंग नहीं कराते हैं। बेसमेंट में हर हाल में वाहन पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाएगी।

– पुलकित गर्ग, उपाध्यक्ष, वीडीए।

**ऐसे बनानी है भवनों की सूची** : वार्ड का नाम, पत्रावली संख्या, निर्माणकर्ता का नाम, पूरा पता, मोबाइल नंबर, सील की तारीख, थाना, सील के समय निर्माण की स्थिति, सील की अध्ययन स्थिति, निर्माण की अध्ययन स्थिति और अभियुक्त आदि।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## अमर उजाला–दि0 30.08.2024

### वीडीए के कैंप में विधायक ने सुनीं लोगों की समस्याएं, पौधरोपण भी किया



पौधरोपण करते विधायक सौरभ श्रीवास्तव। वीडीए

**वाराणसी।** विकास प्राधिकरण सेवा सप्ताह के पांचवें दिन बृहस्पतिवार को रविदास पार्क नगवां में कैंप लगातार जनता की शिकायतों का निस्तारण किया गया।

मुख्य अतिथि कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि प्राधिकरण बोर्ड के सदस्य प्रदीप अग्रहरि ने समस्याएं सुनीं। कार्यक्रम की शुरुआत पार्क में पौधरोपण के साथ हुई। 3 शमन मानचित्रों का निस्तारण किया गया। साथ ही 37 नोटिस प्रकरणों की सुनवाई हुई और 4 शमन मानचित्र दाखिल कराए गए।

कैंप में कुल 348 लोग शामिल हुए। उधर, एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत बृहस्पतिवार को राज्यमंत्रीडॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु ने सिगरा स्थित पार्क में एक पेड़ मां के नाम लगाया। उधर, बीएचयू में राष्ट्रीय सेवा योजना और संगीत एवं मंच कला संकाय की ओर सेसंकाय प्रमुख प्रो. संगीता पंडित के नेतृत्व में संकाय परिसर में पौधरोपण किया गया। संवाद

## अमर उजाला –दि0 30.08.2024

### धान खरीद की पूरी कर लें तैयारी

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को प्राधिकरण सभागार में खाद एवं रसद विभाग के साथ बैठक हुई। उन्होंने धान खरीद से पहले इसकी तैयारी पूरी करने को कहा। लक्ष्य के सापेक्ष धान क्रय केन्द्रों का प्रस्ताव/अनुमोदन, हैंडलिंग परिवहन ठेकेदारों की नियुक्ति, राइस मिलों के सत्यापन, इलेक्ट्रॉनिक कांटा, नमीमापक यंत्र आदि को दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। इसको धान खरीद से पहले उपलब्ध कराने पर जोर दिया। संवाद

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## आज–दि0 30.08.2024

# कार्यों को पारदर्शी बनाये विप्रा-सौरभ श्रीवास्तव

वाराणसी विकास प्राधिकरण के ५० वर्ष पूरे होने पर गुरूवार को नगवां स्थित रविदास पार्क में कैम्प लगाया गया। कैम्प में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने कहा कि नागरिकों के समस्या का समाधान



कैम्प के माध्यम से हो सकता है। वाराणसी की पहचान बनाये रखने के लिए विभाग चौड़ी सड़कें आवास की व्यवस्था सुन्दरीकरण की प्राथमिकता दे रहा है। गंगा के दो सौ मीटर के अन्तर्गत भवन स्वामी छोटा-मोटा कार्य कराने के लिए अनुमति न मांगे। इसके अलावा भूप्रयोग की जानकारी नागरिक अपने घर बैठे विकास प्राधिकरण के बेवसाइड पर देख सकते हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि प्राधिकरण सेवा सप्ताह के तहत महत्वपूर्ण कार्य कर रही है जिससे लोगों को सहयोग मिल रहा है। एचएफएल प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक कार्य करे जिससे जन मानस को निर्माण कराने में कोई दिक्कत न हो। कार्यक्रम में भवन एवं मानचित्र अनुभाग ने तीन समन मानचित्र पर स्वीदृति की मोहर लगायी। वहीं एक लाभार्थी मेना परवीन को सम्पत्ति कागज पत्र दिया, दो अभ्यर्थियों को नामांतरण पत्र दिया गया। कैम्प में ३७ नोटिसों पर सुनवाई की गयी, चार समन मानचित्र दाखिल किये गये, नौ मानचित्रों में ड्राइंग सुधार के लिए भूमि स्वामियों को आपत्ति दर्ज की गयी। कैम्प में ३४८ लोगों ने भाग लिया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक के

### कैम्प में होगा नागरिकों की समस्याओं का समाधान-उपाध्यक्ष

अलावा विशिष्ट अतिथि एवं विप्रा बोर्ड के सदस्य प्रदीप अग्रहरि, साधना वेदांती, अम्बरीश सिंह मौजूद थे। कार्यक्रम के अन्त में उपाध्यक्ष ने लोगों को एक साल और पौधा देकर सम्मानित किया इसके अलावा सभी प्राधिकरण के स्मृति चिन्ह दे गयी। विधायक ने रविदास पार्क में पौधरोपण भी किये। कार्यक्रम में सम्पत्ति अधिकारी राजू जायसवाल, अधिशासी अभियंता अविरन्द शर्मा, जोनल अधिकारी प्रमोद तिवारी, अवर अभियंता आरके सिंह के अलावा वीडिए की टीम उपस्थित रही।

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 30.08.2024

# एचएफएल एरिया में दीवार पर प्लास्टर के साथ बना सकते हैं फर्श : वीडीए उपाध्यक्ष

### अतिथियों ने पौधरोपण करने के साथ ही लोगों को किया जागरूक

### प्राधिकरण सेवा सप्ताह का पांचवां दिन

वाराणसी (एसएनबी)। वीडीए के 50 वर्ष पूर्ण होने पर स्वर्ण जयंती के रूप में प्राधिकरण सेवा सप्ताह मना रहा है। इस क्रम में प्राधिकरण सेवा सप्ताह के पंचम दिवस में रविदास पार्क नगवां में कैंप लगाकर जनता की प्राप्त शिकायतों का निस्तारण किया गया। इसमें मुख्य अतिथि कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि सदस्यगण प्राधिकरण बोर्ड प्रदीप अग्रहरी, साधना वेदांती, अम्बरीश सिंह भोला उपस्थित रहें। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने किया। उपाध्यक्ष ने मंच से उपस्थित जनता से अपील की कि किसी भी प्रकार की समस्या चाहे वह संपत्ति अनुभाग, नियोजन अनुभाग, भवन अनुभाग से संबंधित हो तो सभी का निस्तारण कैम्प के माध्यम से आपके द्वार पर किया जायेगा। गंगा से 200 मी. के अंतर्गत मरम्मत के लिए जानकारी दी गयी, यदि फर्श की मरम्मत करनी हो, दीवारों के प्लास्टर/पेंट कराना हो अथवा छत का मामूली मरम्मत करना हो तो किसी



भी प्रकार के अनुमति की आवश्यकता नहीं है। इसी के साथ उपाध्यक्ष ने उपस्थित जनता को अवगत कराया कि वह अपना भू प्रयोग घर बैठे जांच सकते है, वाराणसी विकास प्राधिकरण प्रदेश में पहला ऐसा प्राधिकरण है जहां वाराणसी की जनता अपना भू-प्रयोग संबंधित जानकारी घर बैठे वीडीए की वेबसाइट www. vdavns. com से प्राप्त कर सकते हैं। मुख्य अतिथि सौरभ श्रीवास्तव ने प्राधिकरण द्वारा आयोजित सेवा सप्ताह तथा विकास कार्यों की सराहना की। उक्त क्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथियों क्रमशः प्रदीप अग्रहरी, साधना वेदांती व अम्बरीश सिंह भोला ने प्राधिकरण के सेवा सप्ताह के कार्य की व प्राधिकरण द्वारा भू -प्रयोग के ऑनलाइन पहल की सराहना की। अतिथियों द्वारा पौध रोपण किया गया एवं उपस्थित जनता में पौध रोपण के लिए पौधे वितरित किये गये।

## लक्ष्य के सापेक्ष धान क्रय केन्द्रों का प्रस्ताव

### खाद व रसद विभाग के साथ वीडीए उपाध्यक्ष ने बैठक कर दिये निर्देश

वाराणसी। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में प्राधिकरण सभागार में खाद एवं रसद विभाग के साथ एक बैठक की गयी। बैठक में मुख्य रूप से लक्ष्य के सापेक्ष धान क्रय केन्द्रों का प्रस्ताव/ अनुमोदन की स्थिति, हैण्डलिंग परिवहन ठेकेदारों की नियुक्ति की स्थिति, राईस मिलों का सत्यापन की स्थिति, खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत न्यूनतम समर्थन मूल्य के अन्तर्गत राईस मिलों के विद्युत कनेक्शन वाली राईस मिलों का पंजीयन/ सत्यापन न किया जाए, मण्डी यार्डों में क्रम केन्द्रों के लिए चबुतरों का आवंटन प्रभावी नीलामी के लिए मण्डीयार्डवार नीलामीकर्ता का नाम, प्रत्येक केन्द्र पर 02 इलेक्ट्रॉनिक काटा, कांटा, छलना, पॉवर डस्टर, नमीमापक यन्त्र, सम्पूर्ण एनालिसस किट आदि आवश्यक उपकरणों की व्यवस्था, खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के अंतर्गत जनपद चंदौली, जौनपुर व गाजीपुर में सीएमआर भण्डारण में अभी से वैकल्पिक अतिरिक्त भण्डारण का चिह्नांकन करा लिया जाए जिससे सीएमआर सम्प्रदान में समस्या न उत्पन्न हो सके, खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत शासन द्वारा निर्गत समय-सारणी के अनुसार मक्का, बाजरा, ज्वार खरीद की तैयारियों की स्थिति, लक्ष्य के सापेक्ष धान क्रय केन्द्रों का प्रस्ताव/अनुमोदन की स्थिति-जनपद जौनपुर एव गाजीपुर में लक्ष्य के सापेक्ष क्रय केन्द्रों का अनुमोदन हो चुका है। जनपद वाराणसी व चंदौली में कार्यवाही प्रकियाधीन है। निम्न कार्य क्षेत्र को समय सीमा के अंदर कार्य करने के लिए वीडीए उपाध्यक्ष ने अधिकारीयों को निर्देशित किया। बैठक में जिला अधिकारी/ कृषि विभाग, एनआईसी/ खाद्य विभाग आरएमओ, प्रदीप कुमार कुशवाहा व समस्त अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## जनसंदेश टाइम्स–दि0 30.08.2024

# रोप-वे कॉरिडोर में बाधक सरकारी सम्पत्ति जल्द हटेंगी

### वीडीए तैयारी में लगा

**वीडीए ने बैठक में गौदोलिया में जमीनों की सुलभता पर किया मंथन**

वाराणसी। वीडीए रोप-वे परियोजना के कार्यों में आ रही बाधाओं को जल्द दूर करेगा। विभाग अवरोध दूर करने की तैयारी में लग गयी है और परियोजना में अड़चन डालने वाले सरकारी सम्पतियों को जल्द हटाने की व्यवस्था भी करनी शुरू कर दी हैं। इसको लेकर वीडीए ने उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में गुरूवार को बैठक की और परियोजना को जल्द मूर्त रूप देने के लिए जबरदस्त मंथन भी की। इस दौरान गौदोलिया में हो रही जमीन की समस्या पर जहां चर्चा की गयी ,वहीं कारिडोर की जद में आने वाले सभी सरकारी सम्पतियों को जल्द हटाये जाने का निर्णय किया गया। बैठक में वीडीए उपाध्यक्ष ने रोप-वे के दायरे में आने वाले ट्रांसफार्मर,बिजली के तार, सीवर लाइन पाइप और पोल को तत्काल हटाने का निर्देश दिया और विभागों द्वारा किये जारहे सिफ्टिंग के कार्य में हो रही देरी पर नाराजगी जाहिर किया। इस दौरान सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



## हिन्दुस्तान–दि0 30.08.2024

# निर्माण की बाधा हटाने का हो प्रयास

### उच्च बाढ़ क्षेत्र



वाराणसी विकास प्राधिकरण के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में गुरुवार को रविदास पार्क नगवां में आयोजित कार्यक्रम में पौधरोपण करते विधायक सौरभ श्रीवास्तव।

वाराणसी, वरिष्ठ संवाददाता। वीडीए के पचास वर्ष पूरे होने पर गुरुवार को संत रविदास पार्क में पांचवां सेवा सप्ताह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि प्राधिकरण को एचएफएल प्रभावित क्षेत्र में निर्माण की बाधा से लोगों को निकालने का प्रयास करना चाहिए। इससे आम लोगों को राहत मिलेगी। इससे ज्यादा से ज्यादा नक्शे भी पास होंगे।

विशिष्ट अतिथि वीडीए बोर्ड के सदस्यों प्रदीप अग्रहरि, अंबरीश सिंह भोला, साधना वेदांती ने वीडीए प्रशासन में पारदर्शिता से कार्य की जरूरत बताई। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने कहा कि कैंप के माध्यम से संपत्ति, नियोजन, भवन विभागों की शिकायतों का निस्तारण किया जाएगा। वीडीए का लक्ष्य शहर में सुनियोजित विकास करना है। इस दौरान वीडीए सचिव डॉ. वेदप्रकाश मिश्रा, संपत्ति अधिकारी राजीव जायसवाल, जोनल अधिकारी प्रमोद कुमार तिवारी आदि मौजूद रहे। कैंप में अखरी निवासी इन्द्राणी केसरी, कल्याणी केसरी एवं सराय नंदन निवासी वसीम रेयाज का शमन मानचित्र स्वीकृत किया गया। संपत्ति विभाग ने लाभार्थी सना परवीन को कब्जा पत्र तथा दो लाभार्थियों विनय कुमार उपाध्याय व स्वप्न कुमार भट्टाचार्य को नामांतरण पत्र दिया। कैंप 37 नोटिस की सुनवाई हुई।

तरूणमित्र न्यूज–दि0 30.08.2024

# वीडीए के कैंप में तीन शमन मानचित्र स्वीकृत हुए, 43 नोटिस प्रकरणों की हुई सुनवाई

**• मुख्य अतिथि विधायक डा. सुनील पटेल का वीडीए सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा ने किया स्वागत**

तरुणमित्र न्यूज

**वाराणसी।** वीडीए द्वारा अपने 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्राधिकरण सेवा सप्ताह के चतुर्थ दिवस में कंदवा में कैंप लगाकर जनता की प्राप्त शिकायतों का निस्तारण किया गया। उक्त आयोजन में मुख्य अतिथि सुनील पटेल विधायक रोहनिया, विशिष्ट अतिथि विधायक नीलरतन पटेल, सेवापूरी की पुत्री अदिति पटेल उपस्थित रही। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा द्वारा पुष्पगुच्छ देकर किया गया। जिसके उपरांत जोनल अधिकारी (जोन-4) प्रमोद तिवारी द्वारा सर्वप्रथम मंच से उपस्थित जनता को कैम्प के बारे में जानकारी दी गयी।



वीडीए के कैंप में विधायक डा. सुनील पटेल का स्वागत करते वीडीए सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा

सचिव डॉ वेद प्रकाश मिश्र द्वारा बताया कि वीडीए वाराणसी के सुनियोजित, सुव्यवस्थित व सुदृढ़ विकास हेतु सतत् प्रयासरत हैं। वाराणसी विकास प्राधिकरण का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के समग्र विकास को सुनिश्चित करना है, जिसमें योजनाबद्ध तरीके से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों का विकास करना शामिल है। इसी के साथ उपस्थित जनता को अवगत कराया कि वाराणसी विकास प्राधिकरण प्रदेश में पहला ऐसा प्राधिकरण है जहां वाराणसी की जनता अपना भू-प्रयोग सम्बंधित, जानकारी घर बैठे वी0डी0ए0 की वेबसाइट www.vdavns.com से प्राप्त कर सकती है। मुख्य अतिथि सुनील पटेल द्वारा अपना मंतव्य व्यक्त करते हुए प्राधिकरण द्वारा आयोजित सेवा सप्ताह तथा विकास कार्यों की सराहना की गयी,द्य उक्त के क्रम में अतिथियों द्वारा पौध रोपण किया गया एवं उपस्थित महिलाओं में पौध रोपण हेतु पौधे वितरित किये गए। आयोजित कैम्प में उपस्थित अतिथियों का वी0डी0ए0 सचिव द्वारा शाल, प्राधिकरण स्मृति चिन्ह तथा पौधा देकर सम्मानित किया गया। संपत्ति अधिकारी राजीव जायसवाल द्वारा कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन किया गया। कार्यक्रम में अधिशासी अभियंता अरविन्द शर्मा, जोनल अधिकारी(जोन-4 ) प्रमोद तिवारी अवर अभियंता आर के सिंह व वीडीए की टीम उपस्थित रही। भवन एवं मानचित्र अनुभाग द्वारा कैम्प अवधि में 03 शमन मानचित्र स्वीकृत किया गया। संपत्ति अनुभाग द्वारा कुल 03 लाभार्थियों राजकुमार मौर्य,. रविशंकर विश्वकर्मा तथा आनद कुमार जायसवाल को सम्पत्ति का कब्जा पत्र तथा 01 लाभार्थी जगदीश चन्द्र शेखर को हस्तानान्तरण पत्र दिया गया। उपरोक्त के अतिरिक्त कैम्प में 43 नोटिस प्रकरणों की सुनवायी की गयी एवं 03 शमन मानचित्र दाखिल कराये गये एवं पहले से दाखिल 13 शमन मानचित्र की ड्राइंग सुधार एवं भूस्वामित्व विषयक आपत्तियों का निराकरण कराया गया, कैम्प में कुल 312 लोगों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

